भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *236

जिसका उत्तर सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक) को दिया गया

जन समर्थ किसान क्रेडिट कार्ड

*236. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पांच चिह्नित राज्यों में जन समर्थ किसान क्रेडिट कार्ड योजना आरंभ कर दी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए राज्यों और राज्यों के भीतर क्षेत्रों के चयन की प्रक्रिया क्या है;

(घ) क्या आन्ध्र प्रदेश इस प्रायोगिक पहल में सम्मिलित है; और

(ड.) यदि हां, तो कौन-कौन से विशिष्ट जिले इसमें शामिल हैं और सरकार ने किसानों तक सुगम सुलभता सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) से (ड.): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

"जन समर्थ किसान क्रेडिट कार्ड" के संबंध में श्री पी. वी. मिधुन रेड्डी द्वारा पूछे गए दिनांक 17.3.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *236 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ड.): उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना अर्थात् एग्रीस्टैक का उपयोग करते हुए जनसमर्थ पोर्टल में किसान क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ प्रायोगिक आधार पर किया गया था। उत्तर प्रदेश (वाराणसी और फर्रुखाबाद), महाराष्ट्र (बीड) और मध्य प्रदेश (नीमच और सिवनी) राज्यों में प्रायोगिक परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो गई है।

*****